आज दिनांक 14 अगस्त, 2018 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के तीनों संभागों में 'प्रतिभा खोज' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी की प्रेरणा व सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने विद्यार्थियों को शिक्षण के साथ साथ शिक्षणेतर (सांस्कृतिक) गतिविधियों के महत्व के विषय में बताया। अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय एक अच्छा प्लेटफार्म है जहाँ युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं और अपनी ऊर्जा का समुचित उपयोग कर सकते हैं। अपने वक्तव्य में उन्होंने विद्यार्थियों के साथ–साथ प्राध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में निहित क्षमताओं को संवारना और उजागर करना ही शिक्षक का दायित्व है। इस प्रतिभाखोज का आयोजन इसी उद्देश्य को लेकर महाविद्यालय में प्रतिवर्ष किया जाता है। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, संगीत, कविता–पाठ, भाषण, अभिनय, नाटक, रंगोली इत्यादि के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी–अपनी प्रतिमा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विशेष उत्साह से भाग लिया। संभाग प्रथम में श्रीमती किरण आनन्द और डॉ. पूजा सैनी; संभाग द्वितीय में डॉ. संजीव गुप्ता और सुप्रिया ढांडा तथा संभाग तृतीय में डॉ. शिल्पा गोयल, डॉ. रेणु माहेश्वरी और डॉ. उषा चौधरी के सहयोग से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।